**SET-3**

**Series BVM/3**

कोड नं.
**Code No. 58/3/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **24** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **15** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **24** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# अर्थशास्त्र

# ECONOMICS

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* *दोनों खण्डों के* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या* ***1 – 4*** *तथा* ***13 – 16*** *अति लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक का* ***1*** *अंक है । इनका प्रत्येक का उत्तर* ***एक वाक्य*** *में ही अपेक्षित है ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या* ***5 – 6*** *और* ***17 – 18*** *लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के* ***3*** *अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः* ***60*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या* ***7 – 9*** *और* ***19 – 21*** *भी लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 4 अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः 70 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या* ***10 – 12*** *और* ***22 – 24*** *दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के* ***6*** *अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः* ***100*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा तथ्यात्मक होने चाहिए तथा यथासंभव ऊपर दी गई शब्द सीमा के अंतर्गत ही दिए जाने चाहिए ।*

***General Instructions :***

*(i)* ***All*** *questions in both the sections are compulsory.*

*(ii)* *Marks for questions are indicated against each question.*

*(iii)* *Question Nos.* ***1 – 4*** *and* ***13 – 16*** *are very short-answer questions carrying* ***1*** *mark each. They are required to be answered in* ***one sentence*** *each.*

*(iv)* *Question Nos.* ***5 – 6*** *and* ***17 – 18*** *are short-answer questions carrying* ***3*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***60*** *words each.*

*(v)* *Question Nos.* ***7 – 9*** *and* ***19 – 21*** *are also short-answer questions carrying* ***4*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***70*** *words each.*

*(vi)* *Question Nos.* ***10 – 12*** *and* ***22 – 24*** *are long-answer questions carrying* ***6*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***100*** *words each.*

*(vii)* *Answers should be brief and to the point and the above word limits should be adhered to as far as possible.*

## खण्ड अ
## (व्यष्टि अर्थशास्त्र)

## SECTION A
## (MICROECONOMICS)

**1.** यदि किसी वस्तु की 4 इकाइयों के उत्पादन पर औसत स्थिर लागत ₹ 60 आती है, तो उस वस्तु की 5 इकाइयों के लिए कुल स्थिर लागत ____________ होगी । (रिक्त स्थान की पूर्ति करें) *1*

**अथवा**

परिवर्ती लागत के कोई दो उदाहरण बताइए । *1*

If the average fixed cost of producing 4 units of output is ₹ 60, then the value of total fixed cost for producing 5 units will be _____________ . (Fill up the blank)

**OR**

State any two examples of variable cost.

**2.** यदि वस्तु X की आपूर्ति की मात्रा में प्रतिशत परिवर्तन, वस्तु X की कीमत में हुए प्रतिशत परिवर्तन से अधिक है, तो आपूर्ति की कीमत लोच का गुणक _____________ होगा : (सही विकल्प का चयन करें) *1*

(क) $E_s = 1$

(ख) $E_s < 1$

(ग) $E_s = 0$

(घ) $E_s > 1$

If the percentage change in quantity supplied of commodity X is more than the percentage change in price of the commodity X, the coefficient of price elasticity of supply would be _______________ : (Choose the correct alternative)

(a) $E_s = 1$

(b) $E_s < 1$

(c) $E_s = 0$

(d) $E_s > 1$

**3.** आगत-निर्गत समतल में सीमांत उत्पाद वक्र की आकृति __________ रूप की होती है : (सही विकल्प का चयन करें) *1*

(क) 'U' आकार के वक्र के

(ख) उल्टे 'U' आकार के वक्र के

(ग) उल्टे 'S' आकार के वक्र के

(घ) 'S' आकार के वक्र के

The marginal product curve in the input-output plane, looks like __________ : (Choose the correct alternative)

(a) a 'U' shaped curve

(b) an inverse 'U' shaped curve

(c) an inverse 'S' shaped curve

(d) an 'S' shaped curve

**4.** उत्पादन संभावना वक्र (पी.पी.सी.) उस अवस्था में मूल-बिंदु के नतोदर होगा, यदि सीमांत अवसर लागत : (सही विकल्प का चयन करें) *1*

(क) बढ़ती हुई हो


(ख) घटती हुई हो

(ग) स्थिर हो

(घ) ऋणात्मक हो

**अथवा**

दिए गए चित्र में $X_1$, $Y_1$ व $X_2$, $Y_2$ एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था के दो भिन्न समयकालों, समयकाल 1 तथा समयकाल 2 की उत्पादन संभावना सीमाएँ प्रस्तुत करते हैं । $A_1$ तथा $A_2$, समयकाल 1 तथा समयकाल 2 में क्रमश: वास्तविक उत्पादन प्रस्तुत करते हैं । $P_1$ तथा $P_2$, समयकाल 1 तथा समयकाल 2 में क्रमश: संभावित उत्पादन की मात्रा प्रस्तुत करते हैं ।



दोनों समय अवधियों के बीच आर्थिक विकास का मापन निम्नलिखित बिन्दुओं के बीच चलन से दर्शाया जा सकता है : (सही विकल्प का चयन करें) *1*

(क) $P_1$ से $P_2$

(ख) $A_1$ से $A_2$

(ग) $A_1$ से $P_1$

(घ) $A_2$ से $P_2$

A production possibility curve (PPC) would be concave to the origin if marginal opportunity cost is : (Choose the correct alternative)

(a) Increasing


(b) Decreasing

(c) Constant

(d) Negative

**OR**

In the given figure $X_1$, $Y_1$ and $X_2$, $Y_2$ are production possibility frontiers for a hypothetical economy in two different time periods, Period 1 and Period 2. $A_1$ and $A_2$, represent actual outputs in Period 1 and Period 2 respectively. $P_1$ and $P_2$, represent potential outputs in Period 1 and Period 2 respectively.



The economic growth over the two periods would be represented by movement from : (Choose the correct alternative)

(a) $P_1$ to $P_2$

(b) $A_1$ to $A_2$

(c) $A_1$ to $P_1$

(d) $A_2$ to $P_2$

**5.** "किसके लिए उत्पादन किया जाए" की केन्द्रीय समस्या को संक्षेप में समझाइए । *3*

Explain briefly the central problem of "For whom to produce".

**6.** एक विवेकशील उपभोक्ता केवल दो वस्तुओं, वस्तु X व वस्तु Y का उपभोग करती है, जिनकी कीमतें क्रमश: ₹ 4 व ₹ 5 हैं । उसकी कुल मौद्रिक आय ₹ 40 है । दी गई सूचना के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1, 2*

(क) उपभोक्ता के बजट रेखा समीकरण का उल्लेख कीजिए ।

(ख) बजट रेखा की प्रवणता क्या होगी ?

**अथवा**

एक विवेकशील उपभोक्ता केवल दो वस्तुओं, वस्तु X व वस्तु Y का उपभोग करती है, यदि वर्तमान में वह $\left(\frac{MU_x}{P_x} < \frac{MU_y}{P_y}\right)$ की परिस्थिति में है, तो उपभोक्ता संतुलन प्राप्त करने के लिए उसका संभावित व्यवहार बताइए । *3*

A rational consumer is consuming only two goods, Good X and Good Y with ₹ 4 and ₹ 5 as their respective prices. Her total money income is ₹ 40. Answer the following questions, based on the given information :

(a) State the consumer's budget line equation.

(b) What would be the slope of the budget line ?

**OR**

If a rational consumer is consuming only two Goods X and Y, state her likely behaviour to attain consumer's equilibrium if she faces a situation where $\left(\frac{MU_x}{P_x} < \frac{MU_y}{P_y}\right)$.

7. दी गई निम्नलिखित अनुसूची के आधार पर, बताइए कि उत्पादन की किस मात्रा पर फर्म संतुलन में होगी व क्यों । *4*

| मात्रा (इकाइयों में) | कीमत (₹ में) | कुल लागत (₹ में) |
|---|---|---|
| 0 | 10 | 5 |
| 1 | 10 | 25 |
| 2 | 10 | 35 |
| 3 | 10 | 40 |
| 4 | 10 | 50 |
| 5 | 10 | 70 |
| 6 | 10 | 100 |

Given the following schedule, state at which level of output, will the firm be at equilibrium and why.

| Quantity (in units) | Price (in ₹) | Total Cost (in ₹) |
|---|---|---|
| 0 | 10 | 5 |
| 1 | 10 | 25 |
| 2 | 10 | 35 |
| 3 | 10 | 40 |
| 4 | 10 | 50 |
| 5 | 10 | 70 |
| 6 | 10 | 100 |

8. यदि किसी वस्तु की कीमत में 10% वृद्धि के परिणामस्वरूप इस वस्तु की माँग 40 इकाई से घट कर 30 इकाई रह जाती है, वस्तु की माँग की कीमत लोच के गुणक की गणना कीजिए । माँग की कीमत लोच की प्रकृति पर टिप्पणी कीजिए । *4*

**अथवा**

वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि का "वायु शोधकों" (Air Purifiers) की बाज़ार माँग पर पड़ने वाले प्रभाव की व्याख्या कीजिए । (रेखाचित्र का प्रयोग कीजिए) *4*

If the price of a commodity rises by 10% and its quantity demanded falls from 40 units to 30 units, calculate coefficient of price elasticity of demand. Comment on the nature of price elasticity of demand.

**OR**

Explain the effect of the increase in the level of air pollution, on the market demand for "Air Purifiers". (Use diagram)

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 8 (विकल्प) के स्थान पर है :*

**Note :** *The following question is for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. 8 (Alternative) :*

वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि का "वायु शोधकों" (Air Purifiers) की बाज़ार माँग पर पड़ने वाले प्रभाव की व्याख्या कीजिए । *4*

Explain the effect of the increase in the level of air pollution, on the market demand for "Air Purifiers".

**9.** 'निम्नतम निर्धारित कीमत' से आप क्या समझते हैं ? उपयुक्त उदाहरण का प्रयोग करते हुए व्याख्या कीजिए । *4*

**अथवा**

'उच्चतम निर्धारित कीमत' से आप क्या समझते हैं ? उपयुक्त उदाहरण का प्रयोग करते हुए व्याख्या कीजिए । *4*

What is meant by 'Price Floor' ? Explain using a suitable example.

**OR**

What is meant by 'Price Ceiling' ? Explain using a suitable example.

**10.** 'साधन के ऋणात्मक प्रतिफल' से क्या अभिप्राय है ? साधन के ऋणात्मक प्रतिफल के किन्हीं दो कारणों की चर्चा कीजिए । *6*

What is meant by 'negative returns to a factor' ? Discuss any two reasons behind negative returns to a factor.

**11.** रेखाचित्र का प्रयोग करते हुए, अनधिमान वक्र की निम्नलिखित विशेषताओं की संक्षेप में चर्चा कीजिए : *3, 3*

(क) मूल-बिन्दु की ओर उत्तल वक्र

(ख) बाएँ से दाएँ नीचे की ओर ढालू वक्र

Discuss briefly the following properties of an indifference curve, using diagram :

(a) Convexity to origin

(b) Downward sloping from left to right

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 11 के स्थान पर है :*

***Note :*** *The following question is for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. 11 :*

अनधिमान वक्र की निम्नलिखित विशेषताओं की संक्षेप में चर्चा कीजिए : *3, 3*

(क) मूल-बिन्दु की ओर उत्तल वक्र

(ख) बाएँ से दाएँ नीचे की ओर ढालू वक्र

Discuss briefly the following properties of an indifference curve :

(a) Convexity to origin

(b) Downward sloping from left to right

**12.** (क) "माँग वक्र ही फर्म का औसत आगम (AR) वक्र होता है ।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में, कारण देते हुए संक्षेप में चर्चा कीजिए ।

(ख) किसी वस्तु का बाज़ार संतुलन की स्थिति में है । वस्तु की आपूर्ति में वृद्धि हो जाती है जबकि वस्तु की माँग में कोई परिवर्तन नहीं होता । साम्य कीमत तथा साम्य मात्रा पर परिवर्तन से पड़ने वाले प्रभाव की चर्चा कीजिए । *3, 3*

**अथवा**

एकाधिकारात्मक प्रतियोगी बाज़ार रूप की तीन प्रमुख विशेषताओं का विवरण दीजिए । *6*

(a) "Demand curve is the Average Revenue (AR) curve of a firm." Do you agree ? Discuss briefly, with reason in support of your answer.

(b) The market for a commodity is in equilibrium. The supply of the commodity increases without any corresponding change in the demand for the commodity. Discuss the impact of the change on the equilibrium price and equilibrium quantity.

**OR**

Elaborate three main features of a monopolistic competitive form of market.

## खण्ड ब
## (समष्टि अर्थशास्त्र)
## SECTION B
## (MACROECONOMICS)

**13.** किसी अर्थव्यवस्था के भुगतान संतुलन में स्वायत्त लेनदेनों को परिभाषित कीजिए । *1*

**अथवा**

किसी अर्थव्यवस्था के भुगतान संतुलन में समंजन लेनदेनों को परिभाषित कीजिए । *1*

Define autonomous transactions in Balance of Payments of an economy.

**OR**

Define accommodating transactions in Balance of Payments of an economy.

**14.** 'अनैच्छिक बेरोज़गारी' की अवधारणा की परिभाषा दीजिए । *1*

Define the term "Involuntary Unemployment".

**15.** भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के अनुसार, उपभोक्ता कीमत सूचकांक (CPI) के आधार पर इस वर्ष कीमत वृद्धि की दर पिछले वर्ष की 8% की तुलना में 5% रह जाएगी । निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इस परिस्थिति को प्रस्तुत करता है ? *1*

(क) CPI में कमी

(ख) पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष CPI की वृद्धि दर कम रही है

(ग) CPI का स्थिर रहना

(घ) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

According to a report forwarded by the Reserve Bank of India, there was a fall in rate of inflation as measured by Consumer Price Index (CPI) on year-on-year basis to 5% from 8% in the previous year. Which of the following statements represents the situation ?

(a) CPI has fallen

(b) CPI has risen at a rate lower than the preceding year

(c) CPI is constant

(d) None of the above

**16.** अर्थव्यवस्था में गृहस्थों द्वारा विदेशी विनिमय की माँग के कोई दो स्रोत बताइए । *1*

Name any two sources of demand for foreign exchange by households in an economy.

**17.** अंतिम वस्तुओं एवं मध्यवर्ती वस्तुओं में अंतर स्पष्ट कीजिए । उपयुक्त उदाहरण दीजिए । *3*

**अथवा**

यदि किसी इलाके में, नगर निगम द्वारा एक पार्क विकसित किया जाता है, इस पार्क की दोनों, सकारात्मक तथा ऋणात्मक बाह्यताएँ होंगी । इन दोनों प्रकार की बाह्यताओं का कारण सहित एक-एक उदाहरण दीजिए । *3*

Distinguish between final goods and intermediate goods. Give suitable examples.

**OR**

If in a locality, a new park is developed by the municipal corporation, it will have externalities, both positive and negative. State one example each of both types of externalities with reason.

**18.** यदि सीमांत उपभोग प्रवृत्ति 80% है और आय के सभी स्तरों पर समान रहती है, तथा स्वायत्त उपभोग ₹ 400 करोड़ है, तो दी गई काल्पनिक अर्थव्यवस्था के उपभोग फलन की रचना कीजिए । *3*

If marginal propensity to consume is 80% and is constant at all levels of income, and the autonomous consumption is ₹ 400 crores, construct consumption function of the given hypothetical economy.

**19.** बताइए कि निम्नलिखित में से कौन-सा कथन *सही* अथवा *ग़लत* है । उपयुक्त कारण दीजिए । *2, 2*

(क) कीन्स के रोज़गार सिद्धांत के अनुसार, किसी अर्थव्यवस्था में अल्प रोज़गार की स्थिति कभी विद्यमान नहीं हो सकती है ।

(ख) दो-क्षेत्रक अर्थव्यवस्था में, यदि आय शून्य है, तो औसत उपभोग प्रवृत्ति भी शून्य होगी ।

State which of the following statements are *true* or *false*. Give valid reasons.

(a) According to Keynesian theory of employment, a state of under-employment can never exist in an economy.

(b) In a two-sector economy, if income is zero, average propensity to consume will also zero.

**20.** हाल के समय में भारतीय रुपया (₹) अमेरिकी डॉलर ($) के मुकाबले अपने सबसे निचले स्तर पर पहुँच गया था । भारतीय आयात पर इसके पड़ने वाले प्रभाव की चर्चा कीजिए । *4*

**अथवा**

"व्यापार घाटे की स्थिति में एक देश का भुगतान संतुलन चालू खाते में अतिरेक की स्थिति में नहीं हो सकता ।" क्या आप इस दिए गए कथन से सहमत हैं ? कारण सहित चर्चा कीजिए । *4*

In recent times the Indian Rupee (₹) depreciated to an all time low against the US dollar ($). Discuss its impact on India's Imports.

**OR**

"A country with trade deficit cannot have current account surplus in its Balance of Payments." Do you agree with the given statement ? Discuss with reason.

**21.** उपयुक्त रेखाचित्र का प्रयोग करते हुए स्फीतिकारी अंतराल की स्थिति स्पष्ट कीजिए । स्फीतिकारी अंतराल के समाधान के लिए कोई दो राजकोषीय उपाय सुझाइए । *2, 2*

Show inflationary gap using a well labelled diagram. Suggest any two fiscal measures to correct the situation of inflationary gap.

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए, प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर है :*

**Note :** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 21 :*

स्फीतिकारी अंतराल का क्या तात्पर्य है ? स्फीतिकारी अंतराल के समाधान के लिए कोई दो राजकोषीय उपाय सुझाइए । *2, 2*

What is meant by inflationary gap ? Suggest any two fiscal measures to correct the situation of inflationary gap.

**22.** एक काल्पनिक संख्यात्मक उदाहरण द्वारा वाणिज्यिक बैंक द्वारा मुद्रा सृजन की प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए । *6*

Explain the process of money creation by a commercial bank using a hypothetical numerical example.

**23.** दिए गए निम्नलिखित आँकड़ों के आधार पर, 'प्रचालन अधिशेष' तथा 'निवल निर्यात' के मूल्य ज्ञात कीजिए : *6*

| क्र. सं. | विवरण | राशि (करोड़ ₹ में) |
|---|---|---|
| i | स्व-नियोजित की मिश्रित आय | 700 |
| ii | विदेश से प्राप्त निवल साधन आय | 150 |
| iii | निजी अंतिम उपभोग व्यय | 2,200 |
| iv | लाभ | 200 |
| v | निवल अप्रत्यक्ष कर | 150 |
| vi | राष्ट्रीय आय | 5,000 |
| vii | सकल घरेलू पूँजी निर्माण | 1,100 |
| viii | मज़दूरी व वेतन | 2,200 |
| ix | निवल निर्यात | ? |
| x | सरकारी अंतिम उपभोग व्यय | 1,300 |
| xi | स्थिर पूँजी का उपभोग | 200 |
| xii | प्रचालन अधिशेष | ? |

Given the following data, find the values of 'Operating Surplus' and 'Net Exports' :

| S.No. | Particulars | Amount (in ₹ Crores ) |
|---|---|---|
| i | Mixed Income of Self-Employed | 700 |
| ii | Net Factor Income from Abroad | 150 |
| iii | Private Final Consumption Expenditure | 2,200 |
| iv | Profits | 200 |
| v | Net Indirect Taxes | 150 |
| vi | National Income | 5,000 |
| vii | Gross Domestic Capital Formation | 1,100 |
| viii | Wages and Salaries | 2,200 |
| ix | Net Exports | ? |
| x | Government Final Consumption Expenditure | 1,300 |
| xi | Consumption of Fixed Capital | 200 |
| xii | Operating Surplus | ? |

**24.** (क) सरकार की राजस्व प्राप्तियों व पूँजीगत प्राप्तियों में विभेद कीजिए ।

(ख) 'विनिवेश' तथा 'विदेशों से प्राप्त ऋण' को क्या सरकार की राजस्व प्राप्तियों में जोड़ा जाता है ? कारण बताइए । *4, 2*

**अथवा**

दिए गए निम्नलिखित आँकड़ों से (i) राजस्व घाटे, व (ii) राजकोषीय घाटे के मान की गणना कीजिए : *6*

| क्र. सं. | विवरण | राशि (करोड़ ₹ में) |
|---|---|---|
| 1 | कर आगम | 1,000 |
| 2 | ग़ैर-कर आगम | 150 |
| 3 | सरकार द्वारा निवल ऋण | 780 |
| 4 | विनिवेश प्राप्तियाँ | 50 |
| 5 | राजस्व व्यय | 1,500 |
| 6 | पूँजीगत व्यय | 480 |

(a) Distinguish between revenue receipts and capital receipts of the government.

(b) Do 'disinvestment' and 'loan proceeds from abroad' constitute revenue receipts of the government ? Give reason.

**OR**

Given the following data estimate the values of (i) Revenue deficit, and (ii) Fiscal deficit :

| S.No. | Particulars | Amount (in ₹ Crores) |
|---|---|---|
| 1 | Tax Revenue | 1,000 |
| 2 | Non-Tax Revenue | 150 |
| 3 | Net Borrowings by Government | 780 |
| 4 | Disinvestment Proceeds | 50 |
| 5 | Revenue Expenditure | 1,500 |
| 6 | Capital Expenditure | 480 |